<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुजरात की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने आज एकता की प्रतिष्ठित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जाकर सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने जंगल सफारी भी की और एकता नगर में विविध वन्य जीवन का भ्रमण किया। सुश्री मुर्मू का एकता नगर में एकता कौशल विकास केंद्र का दौरा करने और प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति अहमदाबाद में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के 44वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। एक रिपोर्ट–

******************

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर सभी चुनौतियों के बावजूद भारत विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। आज नई दिल्ली में एक मीडिया कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के केन्द्रीकरण के कारण अनेक चुनौतियां सामने आ रही हैं। निर्मला सीतारामन ने कहा कि विकसित देशों को भी प्रौद्योगिकी और प्रतिभा की आवश्यकता है।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राज्य सरकार के प्रस्ताव पर निर्णय लेते हुए राज्य के पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते को झारखंड लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी तथा आयोग द्वारा सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप समयबद्ध और सुचारु रूप से हो सकेगा। आयोग की कार्यप्रणाली में गति एवं पारदर्शिता आएगी।

******************

भारत आदिवासी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर पेसा कानून के क्रियान्वयन की मांग उठाई। प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने आदिवासियों के विकास और जमीन सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार पेसा कानून पर चुप्पी साधे हुए है, जिससे आदिवासियों की जमीन की लूट बढ़ रही है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना के लाभुकों और उनके आश्रितों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाएगा।

******************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चालू वित्त वर्ष 2024–25 के लिये पांच हजार पांच सौ आठ करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट सदन में आज पेश किया।

******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में रांची विधायक सीपी सिंह ने मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार पर जनवरी और फरवरी की किस्त नहीं देने का आरोप लगाया। जवाब में मंत्री चमरा लिंडा ने आश्वासन दिया कि 15 मार्च तक सभी बकाया राशि लाभुकों के खाते में भेज दी जाएगी। मंत्री ने यह भी बताया कि मार्च माह की राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

******************

देवघर जिले के बांपास टाउन में एक ज्वेलरी रिपेयर दुकान में चोरों ने एस्बेस्टस काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान के सीसीटीवी डीवीआर ले गए, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

******************

बोकारो जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस एवं अर्ध सैनिक बलों की संयुक्त कार्रवाई लगातार चल रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

तेलंगाना में आयोजित ऑल इंडिया इंटर एनआईटी योग प्रतियोगिता में सरायकेला खरसावां स्थित एनआईटी जमशेदपुर का शानदार प्रदर्शन रहा। बालिकाओं की टीम ने टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि बालकों की टीम रजत पदक जीतने में सफल रही।

*****समाप्त******